खाटू जाकर देख लो ग्यारस में | By Preeti M. Malu

ग्यारस में तुम एक बार खाटू जाकर देख लो
बाबा झोली भरता अपना बनाकर देख लो

रींगस से खाटू तक जाना बाबा का निशान ले जाना
बाबा की जयकार लगाना जय श्री श्याम बोलते जाना
सुन लेंगे तेरी बाबा प्रीत लगाकर देख लो
बाबा झोली भरता अपना बनाकर देख लो

भाव के पुष्पों से भक्तों बाबा को तुम खूब सजाना
रंग बिरंगे फूलों से फिर बाबा का दरबार लगाना
इत्तर से बाबा को तुम महका के देख लो
बाबा झोली भरता अपना बनाकर देख लो

मल मल श्याम कुण्ड में नहाना इससे काया कष्ट मिटाना
ग्यारस की तुम रात जगाना बारस को फिर भोग लगाना
प्रीती से तुम बाबा को भजन सुना कर देख लो
बाबा झोली भरता अपना बनाकर देख लो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%96-%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%97%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%b8-%e0%a4%ae%e0%a5%87/